वर्चुअल स्टार्टअप पॉलिसी प्रोग्राम सीधे प्रसारण का लाभ उठाया

मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति के अंतर्गत स्टार्टअप उद्यमियों का सम्मेलन कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 13 मई 2022 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के वर्चुअल मुख्य आतिथ्य में ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी के ने की। उक्त कार्यक्रम का प्रसारण वर्चुअल माध्यम से सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, वेबकास्ट तथा दूरदर्शन मध्य प्रदेश द्वारा संपूर्ण भारत में शाम 6:00 बजे से किया गया। प्रधान मंत्री जी ने अपने वर्चुअल संबोधन में बताया कि आज भारत में लगभग 70000 नए स्टार्टअप है तथा आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टर हब है। इस आयोजन के लिए प्रधान मंत्री जी ने प्रदेश सरकार को बधाई दी। इस कार्यक्रम में वी.यू. के समस्त पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय–जबलपुर, रीवा, महू, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर तथा पत्रोपाधि महाविद्यालय भोपाल, रीवा, जबलपुर, महू और मुरैना के छात्र–छात्राओं, प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों ने माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. आर.के. शर्मा, अधिष्ठाता, महाविद्यालय जबलपुर, डॉ. ए.पी. सिंह अधिष्ठाता, मत्स्य पालन महाविद्यालय, जबलपुर, डॉ. आर.के. जैन, अधिष्ठाता महाविद्यालय महू, डॉ. अंजनी मिश्रा, अधिष्ठाता महाविद्यालय रीवा, का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर